हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 22 अप्रैल 2026

06 पत्थरों के पठार में फूटी गंगा, गौ सेवा के लिए...

07 महिलाओं ने वृद्ध आश्रम पहुंचकर कपड़े और...




## खबर संक्षेप

### 145 आवेदन आए, 77 का निराकरण किया

**विदिशा।** जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। कुल 145 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 77 का मौके पर निराकरण किया गया, शेष पर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। भूमि सीमांकन, कब्जा विवाद, जाति प्रमाण पत्र, आवास सहायता और उपचार संबंधी प्रकरण प्रमुख रहे। पूरनपुरा की पुष्पा बाई के सीमांकन तथा मेडिकल कॉलेज में उपचार संबंधी शिकायत पर तत्काल निर्देश जारी किए गए। अपर कलेक्टर व अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### पिपरिया में गोशाला भूमि से अतिक्रमण हटाया

**विदिशा।** गुलाबगंज तहसील के ग्राम पिपरिया में गौशाला हेतु आरक्षित शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को प्रशासन ने सख्ती से हटाया। तहसीलदार पलक पिडिहा के निर्देशन में राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच उपरांत नियमानुसार बेदखली कार्रवाई की। जांच में कब्जे की पुष्टि होने पर राजस्व अमले की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया गया। संबंधित व्यक्तियों को शासकीय भूमि पर कब्जा न करने की चेतावनी दी गई।

### द्वितीय बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**विदिशा।** जिले में जनगणना कार्यों के सुचारू संचालन हेतु चार्ज अधिकारियों के द्वितीय बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण में अधिकारियों को दायित्वों, कार्यप्रणाली और तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। जिला जनगणना अधिकारी ने समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रगणक व सुपरवाइजरों को फील्ड कार्य, डेटा संकलन, त्रुटिरहित जानकारी प्रेषण और समयबद्ध निष्पादन का मार्गदर्शन मिलेगा। प्रशासन ने प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने की अपील की है। ताकि जनगणना का कार्य सुव्यवस्थित और दक्षता के साथ पूर्ण किया जा सके।

### ग्राम मूडरी में पानी की टंकी का भूमि निरीक्षण

**विदिशा।** ग्राम मूडरी में जल जीवन मिशन के तहत प्रस्तावित पानी की टंकी निर्माण के लिए चिन्हांकित भूमि का प्रशासनिक अधिकारियों ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्थल की भौगोलिक स्थिति, पहुंच मार्ग, जल स्त्रोत उपलब्धता और तकनीकी पहलुओं का आकलन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि हर ग्रामीण परिवार तक नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाना शासन की प्राथमिकता है। चयनित भूमि पर शीघ्र निर्माण प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। गुणवत्ता और समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया, जिससे गांव की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

### किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ जिला कांग्रेस का प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

# कांग्रेस की मांग: सैटेलाइट सर्वे को निरस्त कर शुरू की जाए किसानों से गेहूं खरीदी

***किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। नारेबाजी कर राज्यपाल के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में देरी और सैटेलाइट सर्वे की त्रुटियों के कारण किसान गंभीर संकट में हैं।***



**केंद्र प्रभारियों की मनमानी के चलते किसानों को परेशान किया जा रहा**

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब सैटेलाइट डाटा में त्रुटियां स्पष्ट हैं, तो उसके आधार पर सत्यापन करना सरकार की मंशा पर सवाल खड़ा करता है। जिस गति से स्लॉट बुकिंग हो रही है और खरीदी की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है, उससे यह आशंका बढ़ रही है कि सरकार की नीयत एमएसपी पर पूर्ण खरीदी की नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी तो आने वाला समय केवल नाराजगी का नहीं बल्कि बड़े जनआक्रोश का होगा। चना और मसूर की खरीदी को लेकर भी कांग्रेस ने गंभीर सवाल उठाए। आरोप है कि केंद्र प्रभारियों की मनमानी के चलते किसानों को परेशान किया जा रहा है। चने में शून्य प्रतिशत तेवड़ा का बहाना बनाकर उपज को अस्वीकृत किया जा रहा है और एफएक्यू मानकों का पालन नहीं किया जा रहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में गेहूं खरीदी में अनियमितताओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने रैली निकाली और कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की।

जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि खरीदी प्रक्रिया में बड़े किसानों के स्लॉट बुक नहीं हो पा रहे हैं, जबकि वे भी केसीसी के जरिए कर्ज लेकर खेती करते हैं। सैटेलाइट आधारित स्लॉट बुकिंग को उन्होंने जटिल बताया। उन्होंने कहा कि कई केंद्रों पर तुलाई में विसंगतियां हैं। कहीं कम रकबे पर ज्यादा स्लॉट तो कहीं ज्यादा रकबे पर कम स्लॉट मिल रहे हैं। तुलाई के बाद भुगतान में देरी, बारदाने की कमी और वेयरहाउस में सीमित तुलाई जैसी समस्याएं भी सामने आ रही हैं। प्रदर्शन में वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि सरकार की नीतिगत उलझनों ने किसानों को परेशानी में डाल दिया है। पहले ही प्राकृतिक आपदा के कारण फसलें प्रभावित हुईं, ऊपर से समर्थन मूल्य पर खरीदी देर से शुरू होने से किसान आर्थिक दबाव में हैं। अब सैटेलाइट सर्वे में खसरा सत्यापन की गड़बड़ियों के चलते छोटे-बड़े किसान स्लॉट बुक नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उपार्जन केंद्रों पर अव्यवस्था की स्थिति बनी हुई है। प्रदर्शन में रणधीर सिंह ठाकुर, सुभाष बोहत, महेंद्र यादव, प्रदेश सचिव आनंद प्रताप सिंह, महेंद्र वर्मा, मनोज कपूर, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू, राजेश दुबे बर्री, प्रियंका किरार, लक्ष्मण सिंह रघुवंशी सहित ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं मोर्चा संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### खरीदी की अंतिम तिथि 20 मई तक बढ़ाने की मांग रखी

ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई कि सैटेलाइट सर्वे को तत्काल अमान्य घोषित कर खरीदी केंद्रों पर उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं और गेहूं की खरीदी शीघ्र प्रारंभ की जाए। स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 10 मई तथा खरीदी की अंतिम तिथि 20 मई तक बढ़ाने की मांग भी रखी गई। कांग्रेस ने खरीदी केंद्रों पर वारदाना और अन्य आवश्यक संसाधनों की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। तुलाई के समय हम्मालों की मनमानी से किसान परेशान हैं, जिस पर अंकुश लगाया जाना चाहिए। प्रति एकड़ 20 क्विंटल गेहूं की एमएसपी पर खरीदी सुनिश्चित करने तथा किसानों को उपज का भुगतान 7 दिन में करने की मांग भी की गई। वर्षा के कारण गेहूं की चमक खराब होने पर भी उसे खरीदे जाने की मांग उठाई गई।

# आउटसोर्स कर्मचारियों की 17 सूत्रीय मांगें लंबित ज्ञापन देकर फिर चेताया



विदिशा। आउटसोर्स कर्मचारियों की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

प्रदेश के विभिन्न विभागों, उद्योगों एवं संस्थाओं में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले मुख्यमंत्री के नाम 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

यह ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर निकिता तिवारी को सौंपते हुए कर्मचारियों ने अपनी प्रमुख मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई। भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी ने बताया कि प्रदेशव्यापी आव्हान के तहत यह ज्ञापन सौंपा गया है।

उन्होंने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए ठोस नीति बनाकर सामाजिक सुरक्षा एवं उचित वेतन सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। मांग पत्र में आउटसोर्स सर्विस सेक्यूरिटी एक्ट अथवा आउटसोर्स निगम मंडल के गठन की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई है।

### बिचौलिया प्रथा समाप्त कर सीधे वेतन भुगतान हो

ज्ञापन में श्रम कानूनों का कड़ाई से पालन 8 घंटे से अधिक कार्य पर ओवरटाइम भुगतान, बिचौलिया प्रथा समाप्त कर सीधे विभाग से वेतन भुगतान, प्रत्येक माह की 7 तारीख तक वेतन एवं वेतन पर्ची उपलब्ध कराने की मांग की गई है। साथ ही अनुभव के आधार पर वेतन वृद्धि, नियमित भर्ती में अवसर, बिना जांच सेवा समाप्ति पर रोक, ईएसआई एवं ईपीएफ लाभ सुनिश्चित करने की मांग भी शामिल है। कर्मचारियों ने समान कार्य के लिए समान वेतन लागू करने, 62 वर्ष तक सेवा का प्रावधान, दुर्घटना बीमा राशि 20 लाख करने, साप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित करने तथा कौशल विकास प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की भी मांग की है।

# मोहनपुर खुर्द में युवक से मारपीट, मुंडन कर जूते की माला पहनाकर गांव में घुमाया

### वीडियो वायरल होने के बाद दोनों पक्षों पर मामला दर्ज, 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी

लटेरी थाना अंतर्गत ग्राम मोहनपुर खुर्द में आपत्तिजनक हालत में पकड़े गए युवक का जुलूस निकाला गया। शादी समारोह में शामिल होने आए युवक के साथ मारपीट कर उसका मुंडन कर दिया गया।

मुंह काला कर जूते की माला पहनाई गई और उसे पूरे गांव में घुमाया गया। घटना का वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसके बाद पुलिस ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू की। शादी समारोह में आई एक नाबालिग लड़की से युवक बातचीत कर रहा था। दोनों को हाथ पकड़कर बात करते देख लड़की के परिजन आक्रोशित हो गए। आरोप है कि परिजनों ने युवक को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई की और सार्वजनिक रूप से अपमानित किया।

### सोशल मीडिया पर दिनभर वायरल हुआ मामला

मामला सामने आते ही लटेरी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों पक्षों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की। युवती की शिकायत पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, वहीं युवक के साथ अपमानजनक कृत्य करने पर लड़की के परिजनों पर भी प्रकरण कायम किया गया है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है, जबकि वायरल वीडियो के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लटेरी अमरेश बोहरे ने बताया कि दोनों पक्षों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई है और मामले की जांच जारी है।

### 21 स्व-सहायता समूहों ने खरीदा 70,763 क्विंटल गेहूं

**विदिशा।** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाने के लिए 21 स्व-सहायता समूहों को केंद्र संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। इन समूहों ने अब तक 1536 किसानों से 70 हजार 763 क्विंटल गेहूं की खरीदी की है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में संचालित इस व्यवस्था की जिला प्रशासन द्वारा नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। विदिशा, शमशाबाद, नटेरन, सिरोंज, लटेरी, ग्यारसपुर और कुरवाई तहसीलों के विभिन्न उपार्जन केंद्रों पर समूहों ने जिम्मेदारीपूर्वक कार्य किया है। महिला समूहों की सक्रिय भागीदारी से उपार्जन केंद्रों पर अनुशासन, समयबद्धता और पारदर्शिता बढ़ी है।

# अनियंत्रित होकर गिरा बाइक सवार, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

नेशनल हाईवे-146 पर सोनकर पेट्रोल पंप के पास सोमवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई।

बागरोद से ग्यारसपुर की ओर आ रहा बाइक सवार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा, जिससे उसकी मौके पर ही गंभीर हालत हो गई। सूचना मिलते ही ग्यारसपुर पुलिस मौके पर पहुंची। उप निरीक्षक धीरज सिंह गुर्जर ने बताया कि घायल को तत्काल स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बबलू पिता बद्रीनाथ अहिरवार, निवासी ग्राम बसिया, थाना अहमदपुर जिला सीहोर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, तेज रफ्तार के चलते बाइक अनियंत्रित हुई, जिससे यह हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हाईवे पर चल रहे फोरलेन निर्माण कार्य के चलते एमकेसी कंपनी द्वारा ब्रिज निर्माण किया जा रहा है। इसी कारण मुख्य मार्ग पर बनाए गए अस्थायी ब्रेकर वाहन चालकों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ये ब्रेकर हादसों की वजह बन चुके हैं।

### दूध पैकेट विक्रय दुकानों पर कार्रवाई ओवर एमआरपी के दो प्रकरण दर्ज

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में विदिशा जिले में उपभोक्ता हितों की सुरक्षा के लिए दूध पैकेट विक्रेताओं की सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में संचालित दुकानों का निरीक्षण कर मूल्य संबंधी अनियमितताओं की जांच की गई। नाप तौल निरीक्षक राजीव पांडे ने बताया है कि जांच के दौरान निर्धारित अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से अधिक दर पर दूध पैकेट बेचने के मामले सामने आए। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ओवर रेट के दो प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। विशेष रूप से माधवगंज क्षेत्र में संचालित यादव किराना स्टोर एवं इंदिरा कॉम्प्लेक्स में स्थित लभमत जवनमल किराना स्टोर में भी ओवर एमआरपी पर दूध पैकेट विक्रय किए जाने की पुष्टि होने पर पैकेज में बंद वस्तु नियम 2011 के तहत ओवर एमआरपी का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

### 67 हजार मीट्रिक गेहूं की खरीदी

**विदिशा।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में जिले में गेहूं उपार्जन कार्य तेज गति से जारी है। 21 अप्रैल तक 3 .64 लाख हेक्टेयर में बोवनी के विरुद्ध 2 .14 लाख हेक्टेयर क्षेत्र का पंजीयन हुआ है। समर्थन मूल्य योजना के तहत 87,913 किसानों ने पंजीयन कराया है। अनुमानित उत्पादन 5 .80 लाख मीट्रिक टन आंका गया है। जिले में संचालित 147 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से अब तक 14,416 किसानों से 67,010 .20 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। मंगलवार शाम चार बजे तक एक ही दिन में 5,240 मीट्रिक टन खरीदी दर्ज की गई। कुल खरीदी में से 60,298 मीट्रिक टन परिवहन योग्य है, जिसमें 58,125 .10 मीट्रिक टन का परिवहन हो चुका है। 50,343 .40 मीट्रिक टन का स्वीकृति पत्रक जारी किया गया है। भुगतान मद में 175 .90 करोड़ रुपए देय हैं, जिनमें से 66 .53 करोड़ वितरित किए जा चुके हैं।

# लोगों को मुफ्त की योजनाएं देकर विकलांग मत बनाओ उन्हें काम दो, जरूरतें तो वे स्वयं जुटा लेंगे: रमेश भैया

**विदिशा में हो रहे श्रमदान की खुशबू भारत में कहीं ओर नहीं मिलती: रमेश भैया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

लोगों को विकलांग मत बनाओ उन्हे रोजगार दो। इसके बाद वे अपनी जरूरतों की पूर्ति स्वयं कर लेंगे। सरकारों द्वारा दी जा रहीं मुफ्त की सुविधाओं पर तंज कसते हुए कहा कि देश की आबादी को फ्री वाली सरकारी योजनाओं की जरूरत नहीं है। लेकिन आज की सरकारें सिर्फ काम नहीं दे रहीं हैं और सबकुछ दे रहीं हैं। गांधीवादी डॉ सुरेश गर्ग के प्रयासों से विदिशा के मां हास्पिटल पहुंची विनोबा भावे की यात्रा के संयोजक रमेश भैया ने महान संत विनोबा भावे के जीवन के कई संस्मरण सुनाए।

उन्होंने बताया कि सबसे पहले विनोबा ने अपनी पैतृक 300 एकड़ जमीन का भूदान किया था। उन्होने बिहार के दरभंगा महाराज के भूदान से लेकर एक तीन बीघा जमीन वाले किसान के भूदान का भी जिक्र किया। उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी के विनोबा भावे के साथ वाले कई संस्मरण सुनाए। एक किस्सा सुनाया कि नेहरू ने पहली पंचवर्षीय योजना का ड्राफ्ट रखने के लिए विनोबा को दिल्ली आमंत्रित किया। विनोबा दिल्ली पहुंचे और गांधी समाधी पर पहुंचकर कहने लगे मैं यहीं विश्राम करूंगा। तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने योजना का ड्राफ्ट रखने के लिए बड़ी बैठक का इंतजाम किया था लेकिन उन्होने बैठक में जाने से इंकार कर दिया। तब नेहरू जी ने गांधी समाधी के पास ही टेंट लगवाकर प्रथम पंचवर्षीय योजना की बैठक करवाई थी। तब विनोबा भावे ने दो टूक कह दिया था कि सरकारें इस तरह कार्य करेंगी तो भविष्य में सिर्फ शादी करवाना और रोटी खिलाना ही शेष रह जाएगा।



विदिशा। कार्यक्रम को संबोधित करते विनोबा भावे की यात्रा के संयोजक रमेश भैया।

### बेतवा के उद्गम स्थल झिरी में किए जा रहे प्रयास अनूठे है

बेतवा नदी के सरंक्षण और बचाव के लिए विदिशा में हो रहे श्रमदान जैसा उदाहरण समूचे देश में देखने को नहीं मिलता है। यह बात करते हुए रमेश भैया ने प्रखर गांधीवादी आरके पालीवाल और डॉ सुरेश गर्ग के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए इसमें निरंतरता बनाए रखने की बात रखी। इस दौरान पूर्व वित्तमंत्री राघवजी भाई, पूर्व सांसद प्रतापभानू शर्मा, अशोक गोयल, प्रोफेसर अरविंद द्विवेदी, प्राचार्य शोभा जैन, डॉ जीके माहेश्वरी, एडवोकेट प्रकाश जोशी, नरेंद्र सोनी, जीएस चौहान, सतीश खत्री आदि मौजूद रहे।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3920
उच्चतम भाव-5820
सरसों
न्यूनतम भाव-5600
उच्चतम भाव-7160
चना
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-5400
मसूर
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-7530
शरबती
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-4480
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-2730
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-2240
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2450
उच्चतम भाव-3050
बटरी
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-3550
धनिया
न्यूनतम भाव-10500
उच्चतम भाव-11800
धान
न्यूनतम भाव-1040
उच्चतम भाव-4510
अलसी
न्यूनतम भाव-7000
उच्चतम भाव-7000

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 21324 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# नपा के ब्रांड एंबेसडर ने चलाया जन जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद के ब्रांड एंबेसडर अशोक अग्रवाल द्वारा नगर में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों एवं नागरिकों से संपर्क कर स्वच्छता के प्रति उन्हें जागरूक किया। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर हरे एवं नीले रंग के डस्टबिन रखें, ताकि सूखा और गीला कचरा अलग-अलग एकत्र किया जा सके। साथ ही सभी को स्वच्छता बनाए रखने एवं नगर पालिका का सहयोग करने की शपथ दिलाई गई। अभियान का उद्देश्य नागरिकों, व्यापारियों एवं संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में नगर को बेहतर स्थान दिलाना है।






## बंजारी माता के समीप गौशाला में 400 फिट गहराई में मिला पानी

# पत्थरों के पठार में फूटी गंगा, गौ सेवा के लिए मिला तीन इंच पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जहां आसपास के क्षेत्र में पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष हो रहा है, वहीं पत्थरों के सख्त पठार में पानी मिलना किसी चमत्कार से कम नहीं माना जा रहा। बंजारी माता मंदिर बरेठ पास के समीप स्थित श्रीदेवनारायण समाज कल्याण सेवा समिति के अंतर्गत संचालित श्री गोपाल कृष्ण गौशाला में ऐसा ही एक अनुभव सामने आया, जिसे समिति आस्था और गौसेवा की शक्ति का परिणाम मान रही है। गायों की सेवा में जल पूर्ति के लिए कराए गए बोरिंग में 400 फीट की गहराई पर 3 इंच पानी निकल आया। गायों के लिए भरपूर पानी मिलने से गौशाला संचालन समिति ने ईश्वर कृपा और गौ माता की सेवा का परिणाम बताया है। ज्ञात हो कि गौशाला में पिछले कुछ समय से ट्यूबवेल में पानी की कमी के कारण पशुओं के लिए पानी का संकट खड़ा हो गया था। सीमित संसाधनों और बिना किसी विशेष जनसहयोग के संचालित इस गौशाला में समिति अपने स्तर पर ही व्यवस्थाएं संभाल रही है। इसी बीच अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर गौमाता की पूजा-अर्चना कर नए बोर की शुरुआत की गई। गौशाला अध्यक्ष व राष्ट्रीय कथा व्यास पंडित देवेन्द्र भार्गव ने बताया कि बोरिंग कार्य के पहले मां कामाख्या का स्मरण किया गया और पूरे विधि-विधान से पूजा संपन्न हुई। इसके बाद जब बोरिंग शुरू हुई तो करीब 400 फीट की गहराई पर 3 इंच पानी निकल आया। खास बात यह रही कि जिस स्थान पर बोर किया गया, वहां आसपास पानी की कोई संभावना नहीं मानी जा रही थी और तकनीकी जांच भी असफल रही थी। समिति के अनुसार यह केवल संयोग नहीं बल्कि गौसेवा की निष्ठा का फल है। उनका मानना है कि जहां विज्ञान और अनुमान असफल हो जाते हैं, वहां श्रद्धा और सेवा का भाव रास्ता दिखाता है। पंडित भार्गव ने कहा कि गौमाता ईश्वर का सजीव स्वरूप हैं। यदि उनकी सेवा को ईश्वर की सेवा मानकर निस्वार्थ भाव से किया जाए, तो असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। गौशाला में वर्तमान में बिना किसी आर्थिक सहयोग के भूसा घर का निर्माण भी जारी है।



## युवा कांग्रेस के किसान न्याय सत्याग्रह को मिला मातृशक्ति का समर्थन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

युवा कांग्रेस द्वारा किसानों के अधिकारों के लिए चलाया जा रहा 'किसान न्याय सत्याग्रह' अपने सातवें दिन और अधिक सशक्त हो गया। सत्याग्रह के सातवें दिन कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ महिला नेत्रियों और निर्वाचित जन-प्रतिनिधियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों की मांगों का पुरजोर समर्थन किया और इस लड़ाई में युवा कांग्रेस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का संकल्प लिया। सत्याग्रह में सहभागिता करते हुए कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री विद्या यादव, जिला पंचायत सदस्य सीमा अहिरवार, जिला पंचायत सदस्य दीक्षा लोधी, विनीता सहरिया ने मंच साझा किया। विद्या यादव ने अपने संबोधन में कहा कि अन्नदाता आज अपने हक के लिए सड़कों पर बैठने को मजबूर है। युवा कांग्रेस जिस मजबूती से किसानों की लड़ाई लड़ रही है, उसे अब घर-घर से समर्थन मिल रहा है। हम इस न्याय की लड़ाई में युवाओं और किसानों के साथ हैं और जब तक शासन किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं करता, यह संघर्ष थमने वाला नहीं है। युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बताया कि मातृशक्ति के इस समर्थन से आंदोलन को नई ऊर्जा मिली है।

ग्यारसपुर, अंबानगर, उदयपुर जैसे ग्रामीण क्षेत्रों से आए इन महिला जन-प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि किसानों की उपेक्षा अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता, क्षेत्रीय किसान और नागरिक उपस्थित रहे।

## विभिन्न जागरुकता गतिविधियों का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम के प्रभारी सन्नी शर्मा एवं शैलेंद्र कुशवाह के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को स्वच्छता, जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त जीवन एवं वृक्षों के महत्व के विषय में जानकारी दी गई। इस दौरान एक प्रेरणादायक व्याख्यान भी आयोजित किया गया, जिसमें पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त पॉलीथिन के स्थान पर जूट के थैलों का उपयोग करने का भी सुझाव दिया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण "बुक बैंक" गतिविधि रही, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को पर्यावरण बचाने के उद्देश्य से अपनी पुरानी पुस्तकें जमा करने के लिए प्रेरित किया गया। पुस्तकालय प्रभारी सुमित रघुवंशी ने बताया इस पहल के तहत लगभग 300 विद्यार्थियों ने अपनी पुरानी पुस्तकें जमा कीं, जिसके बदले उन्हें नई कक्षा की पुस्तकें उपलब्ध कराई गईं। इससे न केवल कागज की बचत हुई, बल्कि संसाधनों के पुनः उपयोग को भी बढ़ावा मिला। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में पौधारोपण गतिविधि आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया, सभी ने पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य संदीप जेटली ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण हेतु निरंतर प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा इस पहल की सराहना की। इस प्रकार आयोजित गतिविधियों ने विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## खबर संक्षेप

### डीजे की तेज आवाज से लोग परेशानी

**गंज बासौदा।** नगर में इन दिनों शादी-ब्याह और जुलूस के सीजन में डीजे की तेज आवाज लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। रात 10 बजे के बाद भी 100-120 dB तक साउंड बजने से बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों की नींद उड़ गई है।
नागरिकों ने बताया कि नगर में देर रात तक डीजे बजते रहते हैं। जिससे लोगों में सिरदर्द और BP की दिक्कत बढ़ गई है। डीजे की तेज आवाज से हार्ट मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इतनी तेज बीट से मरीजों की कंपकंपी छूट जाती है। जागरुक नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से देर रात तक एवं तेज आवाज में चलने वाले डीजे साउण्ड पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### मच्छरों से परेशान

**गंजबासौदा।** जैसे जैसे गर्मी का प्रकोप तेज होता जा रहा है वैसे ही नगर में मच्छरों का प्रकोप तेज होता जा रहा है। जिसके चलते नगर के पाराशरी नदी किनारे के वार्डों की रहवासी तथा निचली बस्तियों में मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। यहां के रहवासियों ने बताया कि शाम होते ही उन्हे अपने अपने घरों के मुख्य दरवाजे, खिड़कियां बंद करना पड़ते है। मच्छरों के चलते खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने नपा से वार्डों, गलियों में मच्छर मार दवा का छिड़काव कराने की मांग की है।

## न्यायालय परिसर के मुख्य द्वार पर पेयजल का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भीषण गर्मी को देखते हुए नगर पालिका द्वारा जनहित में एक छोटा सा प्रयास किया गया। जिसके चलते गत दिवस न्यायालय परिसर के मुख्य द्वार के सामने राहगीरों और आगंतुकों की सुविधा हेतु शुद्ध पेयजल व्यवस्था का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव सहित मनोज यादव, पार्षद जगदीश व्यास, मंजू कुशवाह, सुनील साहू, संजय भावसार, अतुल नेमा, भारत झा, कदीर भाई के अलावा गणमान्य नागरिक, अभिभाषकगण उपस्थित रहे। इस प्याऊ के शुभारंभ से न्यायालय आने वाले पक्षकारों, वकीलों और आम जनता को इस तपती गर्मी में शीतल पेयजल पीकर राहत मिलेगी। यहां उल्लेखनीय है कि नगर में प्रमुख चौक चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर नगर पालिका द्वारा गर्मियों के मौसम में नागरिकों की सुविधा एवं उन्हें शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए प्याऊ स्थापित करती रही है। नगर पालिका के अलावा कई संस्थाएं, संगठन भी अपनी अपनी ओर से अपने प्रतिष्ठानों एवं प्रमुख स्थानों पर शीतल जल प्याऊ स्थापित करते आए हैं। इस वर्ष भी नगरपालिका द्वारा न्यायालय परिसर के बाहर प्याऊ का शुभारंभ कर दिया है।

## प्रदर्शनकारी ने धमकी देने की शिकायत कराई दर्ज, दुकान हटाने धरना प्रदर्शन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




रेलवे स्टेशन क्षेत्र में राम जानकी हनुमान मंदिर के समीप शराब दुकान हटाने को लेकर सार्वजनिक धरना प्रदर्शन 22 दिनों से लगातार जारी है। इस दौरान धरना दे रहे गोलू सेन निवासी वार्ड नंबर 2 फ्री गंज को विगत दिनों शराब ठेकेदार संतोष सिंह द्वारा धरना प्रदर्शन करने पर जान से मारने की धमकी, डराने-धमकाने का प्रयास किया गया। जिसको लेकर जागरूक युवकों ने शहर थाना प्रभारी को एक शिकायती आवेदन दिया जिसमें शराब ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। सौंपे गए शिकायती आवेदन में कहा गया है कि पिछले दिनों शराब ठेकेदार के मैनेजर संतोष सिंह द्वारा मेरे पास आकर मुझे धरना समाप्त करने के लिए अवैध दबाव बनाया गया। उन्होंने न केवल अभद्र भाषा का प्रयोग किया, बल्कि मुझे खुलेआम जान से मारने की धमकी दी और धरना समाप्त करने की बात कहीं। यह कृत्य गंभीर आपराधिक श्रेणी में आता है तथा मेरे भौलिक अधिकारी का उल्लंघन है। उक्त व्यक्ति द्वारा दी गई धमकी से मेरे जीवन को वास्तविक खतरा उत्पन्न हो गया है तथा मेरे साथ धरने पर बैठे युवाओं एवं नागरिकों में एवं अन्य लोगों में भी भय का माहौल है। यह कृत्य शांति भंग करने तथा कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास है। दिए गए शिकायती आवेदन में युवाओं ने संतोष सिंह के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की उपयुक्त धाराओं के अंतर्गत तत्काल प्राथमिकी दर्ज की जाए तथाधरना स्थल पर उपस्थित अन्य व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने हेतु आवश्यक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाए। हांलाकि इस घटना के बाद ठेकेदार ने 15 दिवस में दुकान स्थानांतरण का भी लिखित आश्वासन दे दिया था, जबकि प्रदर्शनकारी दुकान हटने तक धरना प्रदर्शन जारी रखे हुए हैं।

## 41 फिट के विशाल शिवलिंग के 25 अप्रैल से होंगे दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा शहर में पहली बार 41 फीट के विशाल शिवलिंग के दर्शन होने जा रहे हैं, जिसमें व्यसन मुक्त चित्र प्रदर्शनी, सहज राजयोग चित्र प्रदर्शनी, देवी देवताओं की चैतन्य झांकी, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं शिव परमात्मा की आरती व मेडिटेशन अनुभूति शिविर दिनांक 25 से 30 अप्रैल तक प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक स्थान चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवाकेंद्र पर रखा गया है। नगरवासियों के लिए यह सुनहरा अवसर है और वे 41 फीट की ज्योति स्वरूप शिवलिंग के दिव्य दर्शन हेतु आमंत्रित हैं। शिविर का उद्घाटन शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में होगा।

## आगामी 7 मई से प्रस्तावित कथा स्थगित

# खाटू श्याम मंदिर का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नवीन कृषि उपज मंडी के पास महर्षि भृगु संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के समीप प्रस्तावित खाटू श्याम महाराज मंदिर निर्माण के लिए नौलखी आश्रम महंत राम मनोहर दास के कर कमलों से भूमि पूजन विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। खाटू श्याम बाबा का भव्य कार्यक्रम 7 मई से 14 मई तक प्रस्तावित था, लेकिन भगवान के विग्रह के विस्तार एवं नवीन मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद ही अब कथा आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। प्रस्तावित खाटू श्याम बाबा मंदिर के रामसिंह खंगार एवं पत्नी पुष्पा बाई द्वारा भूमिदान के बाद भूमि पूजन संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान महंत राम मनोहर दास ने अपने आशीर्वचन में संस्कृत विद्यालय के उत्थान और खाटू श्याम मंदिर निर्माण के लिए शुभकामनाएं दीं। भूमि पूजन के पश्चात भगवान शिव का अभिषेक किया गया, इसके बाद आरती कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में बस्ती के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और सभी ने मंदिर निर्माण में सहयोग का आश्वासन दिया। आयोजन में कथा के प्रधान यजमान खुशाल सिंह रघुवंशी, शैलेंद्र सिंह रघुवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सनमान सिंह रघुवंशी, अभिषेक शर्मा, विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री हरिशंकर झा, जिला कोषाध्यक्ष ओंकार सिंह रघुवंशी, रामराज रघुवंशी सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। पूजन प्रमेहानंद महाराज द्वारा संपन्न कराया गया, स्वस्तिवाचन महर्षि भृगु संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थियों ने एवं कार्यक्रम का संचालन पंडित मुन्नालाल शास्त्री ने किया।

### विज्ञान मंथन यात्रा के लिए 19 विद्यार्थी हुए रवाना



**गंजबासौदा।** मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित विज्ञान मंथन इसरो यात्रा 2026 के लिए सैंटएसआरएस स्कूल के 19 छात्रों का चयन किया गया था। ये सभी विद्यार्थी भोपाल स्थित विज्ञान भवन से देश के प्रमुख वैज्ञानिक स्थलों के भ्रमण के लिए रवाना हुए। यह शैक्षणिक यात्रा 20 से 27 अप्रैल तक चलेगी, जिसका समापन मुख्यमंत्री भवन भोपाल में होगा। यात्रा के दौरान विद्यार्थी चेन्नई, बेंगलुरु और श्रीहरिकोटा जैसे महत्वपूर्ण वैज्ञानिक केंद्रों का दौरा करेंगे। यहां उन्हें अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र, रॉकेट प्रक्षेपण और आधुनिक विज्ञान से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां सीधे विशेषज्ञों से प्राप्त होंगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें नवीन तकनीकों व अनुसंधान से जोड़ना है। चयनित छात्र इस अनुभव से न केवल सीखेंगे, बल्कि अपने भविष्य के लिए नई दिशा भी प्राप्त करेंगे। विद्यार्थियों के रवाना होने पर स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों में उत्साह का माहौल देखा गया। सभी को उम्मीद है कि यह यात्रा बच्चों के ज्ञान और सोच को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। विद्यालय प्रबंधन एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने विज्ञान यात्रा पर रवाना हुए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए हार्दिक-हार्दिक बधाइयाँ प्रेषित की हैं एवं उनकी यात्रा मंगलमय हो, इसके लिए परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की है।

### देर तक लगा जाम



**गंजबासौदा।** इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है। जिसके चलते नगर के सभी मुख्य मार्ग त्योंदा रोड, बरेठ रोड, कलाबाग,सावरकर चौक, जय स्तंभ चौक सहित अन्य स्थानों पर दिन में एवं रात्रि के समय कई बार जाम की स्थिति निर्मित हुई। वहीं पचमा बायपास मार्ग पर भारी वाहनों के फंस जाने से देर तक जाम लगा रहा। ज्ञात हो कि त्योंदा रोड पर भारी वाहनों के चलते आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। मुख्य मार्ग पर अव्यवस्थित ढंग से वाहन खड़े होने के चलते रास्ता संकरा हो जाता है और जाम की स्थिति बनने से लोगों एवं वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है। मंगलवार को शाम के समय पचमा बायपास मार्ग पर लोडिंग ट्रकों के फंस जाने से देर तक जाम लगा रहा। जिसके चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं।

### अल सुबह तीन युवकों ने किया दुकानदार पर हमला



**गंजबासौदा।** ग्राम कस्बा बागरोद में दुकान मालिक शिवम जैन के ऊपर सुबह लगभग 5 बजे डस्टर कार से आए तीन युवकों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने बीयर की बोतल सिर में मार कर उन्हें घायल कर दिया। जिससे शिवम जैन के सिर में गंभीर चोटें आई हैं जिसे 112 डायल की मदद से उपचार के लिए त्योंदा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उच्च उपचार के लिए जिला अस्पताल विदिशा रेफर कर दिया।

## खबर संक्षेप

### जानवी चौधरी ने किया बंडा तहसील में प्रथम स्थान प्राप्त

**सागर।** कुमारी जानवी चौधरी पुत्री जीवन शरण चौधरी ने 10वीं हाई स्कूल परीक्षा में 500 में से 483 अंक प्राप्त करके 96.6 अंक प्राप्त कर बंडा तहसील की सभी हाई स्कूलों में प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरव हासिल किया है। वे शासकीय हाइस्कूल पजनारी बंडा की छात्रा है। इन्होंने सभी विषयों में डिस्टिंक्शन प्राप्त किया है। इनके पिता जीवन शरण चौधरी अहिरवार महासभा सागर के सक्रिय सदस्य हैं। अहिरवार महासभा की ओर से इनको इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज होगा आयोजित

**सागर।** डॉ हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं ब्र. शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 152 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 22 अप्रैल दिन बुधवार समय 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयुर्वेद एवं निदान सहित मधुमेह एवं श्वास व हड्डीरोग पर निःशुल्क रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन, बीएमडी, यूरिक एसिड, बॉडी मांस द्वारा मांस पेशियों की जांच तथा योग प्रशिक्षण का आयोजन, शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। इच्छुक व्यक्ति 21 अप्रैल तक डॉ राजेश शुक्ला से संपर्क कर सकते हैं।

### कलेक्टर लेंगे एनजीओ की जिला स्तरीय बैठक आज

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनजीओ की बैठक आज स्थान कलेक्ट्रेट सभागार जिला सागर समय सुबह 10.30 बजे आयोजित की जाएगी। म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा स्वैच्छिक संगठनों (एनजीओ) के सशक्तिकरण हेतु पंख कार्यक्रम (दृष्टि योजनान्तर्गत) प्रारंभ किया गया है। जिसके अन्तर्गत जिले में विभिन्न क्षेत्रों (वन, पर्यावरण, जल, उर्जा, वन, जैविक, कृषि प्राकृतिक कृषि, नशामुक्ति आदि की समीक्षा होगी।

### सर्वोदय महिला परिषद,अभा व दिव्य देशना महिला परिषद एंव महासमिति का शपथ ग्रहण

# महिलाओं ने वृद्ध आश्रम पहुंचकर कपड़े और मिठाई वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज






नगर के कठाली बाजार स्थित श्री 1008 चद्र प्रभु जिनालय धर्मशाला में दिगम्बर जैन महिला मण्डल की एक अत्यंत आवश्यक बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर बैठक में सर्वोदय महिला परिषद,अखिल भारत वर्षीय दिव्य देशना महिला परिषद एंव महासमिति का शपथ गृहण समारोह सम्पन्न हुआ। इस मौके पर अखिल भारत वर्षीय दिव्य देशना महिला परिषद की अध्यक्ष श्रीमति रानी जैन बगरोदा,सचिव श्रीमति मोना भूपत,कोषाध्यक्ष श्रीमति प्रीति बांसल एंव सर्वोदय महिला परिषद की अध्यक्ष श्रीमति भाषिता जैन,सचिव श्रीमति सविता जैन,कोषाध्यक्ष श्रीमति अनिता।

वही महासमिति की अध्यक्ष श्रीमति राशी जैन,कोषाध्यक्ष श्रीमति ममता जैन,सचिव नीता जैन आदि को संभाग अध्यक्ष श्रीमति इंद्रा जैन द्वारा शपथ दिलाई गई। वही समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने पूरे उत्साह और निष्ठा के साथ अपने पद की शपथ ग्रहण की। सभी पदाधिकारियों ने संगठन के नियमों का पालन करते हुए समाज, धर्म और सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने महिला शक्ति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठित नारी समाज को नई दिशा देने में सक्षम है। महिला परिषद के माध्यम से धर्म, संस्कार एवं सेवा के कार्यों को और अधिक सशक्त रूप से आगे बढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित सभी बहनों ने एकता, समर्पण और सहयोग के साथ संगठन को ऊँचाइयों तक ले जाने का संकल्प दोहराया। अंत में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।

वृद्ध आश्रम पहुचकर कपडें व मिठाईयों का वितरण - इस अवसर पर अखिल भारतीय महिला परिषद की महिलाओं ने वृद्ध आश्रम पहुचकर अक्षय तृतीया के उपलक्ष में गन्ने का रस कपड़े और मिठाई वितरित किया। वही महिलाओं ने कहा कि माता-पिता अपने लिए भले ही कुछ न कर पाएं, मगर बच्चों की खुशियों के लिए वह कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। यही बच्चे जब बड़े हो जाते हैं और जब मां-बाप के लिए कुछ करने का समय आता है तो उनमें से कई अपने वृद्ध माता-पिता को वृद्धा आश्रम पहुंचा देते हैं। जहां पर इनके के लिए न कोई त्योहार होता है न ही कोई खुशी। ऐसे में जब कोई उनके बीच पहुंचकर अपनापन दिखाता है तो वह भावुक हो उठते हैं और उनकी आंखें बरस पड़ती हैं।

### नियमों के उल्लंघन पर दी सख्त चेतावनी

# भोपाल-लटेरी रोड पर हुआ मोबाइल कोर्ट का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

वर्तमान समय में सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं को मद्देनजर रखते हुए पुलिस के साथ साथ अब न्यायालय भी सख्त कदम अपना रहा है। इसी तारतम्य में सिरोंज न्यायालय की न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती मोना शुक्ला पाण्डेय द्वारा मंगलवार को सुबह भोपाल-लटेरी रोड पर मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया।

इसमें 26 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की गई और सख्त समझाइश दी गयी है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती मोना शुक्ला पाण्डेय द्वारा मोबाइल कोर्ट संचालन के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए सख्त हिदायत एवं समझाइश दी गई एवं वाहनों के दस्तावेजों में कमियां मिलने पर चालान की कार्यवाही की गई है।

मोबाइल कोर्ट द्वारा इस अभियान में 26 वाहनों के 31000 रूपए के चालान बनाए गए। इस दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती मोना शुक्ला पांडे एवं न्यायालयीन कर्मचारी व पुलिस बल मौजूद रहा। न्यायाधीश ने यह भी स्पष्ट किया कि इस प्रकार की औचक कार्यवाहियां जारी रहेंगी। सभी वाहन चालक सुरक्षित रहने हेतु यातायात के नियमों का आवश्यक रूप से पालन करें। उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सभी जोन प्रभारी स्वच्छता पंचायत आयोजित कर नागरिकों को करें जागरूक : निगमायुक्त

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने मंगलवार को शहर की सफाई व्यवस्था का सघन निरीक्षण किया तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सफाई व्यवस्था, कचरा संग्रहण, नालियों की साफ-सफाई तथा जन सहभागिता से चलाए जा रहे स्वच्छता अभियानों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान सिविल लाइन वार्ड में सफाई व्यवस्था में गंभीर लापरवाही पाए जाने पर निगमायुक्त ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित कर्मचारी सुजीत को सेवा से पृथक करने के निर्देश दिए। साथ ही क्षेत्र के सफाई दरोगा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वच्छता कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी तथा जिम्मेदार कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम आयुक्त खत्री ने सभी जोन प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से स्वच्छता व्यवस्थाओं की निगरानी करें तथा नागरिकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता पंचायत आयोजित की जाए, जिसमें स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं व्यापारियों की भागीदारी हो। इन आयोजनों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता, कचरा पृथक्करण, सार्वजनिक स्थलों की सफाई तथा नगर को सुंदर बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जाए। बस स्टैंड क्षेत्र में निगमायुक्त ने शराब दुकान के समीप गंदगी पाए जाने पर संबंधित दुकानदार को तत्काल निर्देश दिए कि दुकान के आसपास दोनों समय नियमित सफाई कराई जाए।

## अब हर समस्या के लिए कलेक्टर ऑफिस आने की नहीं होगी जरूरत, आपकी तहसील में ही मिलेगा समाधान



**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सागर के नागरिकों के हित में संवेदनीशील निर्देश दिया है। अक्सर देखा जाता है कि लोग छोटी-छोटी समस्याओं के लिए दूर-दराज के गांवों से जिला मुख्यालय तक का सफर तय करते हैं, जिससे उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद होता है। इसे खत्म करने के लिए अब तहसील स्तरीय जनसुनवाई को और अधिक सुलभ और सुविधापूर्ण बनाया गया है। आमजन की सुविधा के लिए प्रशासन के खास इंतजाम हैं। निःशुल्क टाइपिंग सेवा के अंतर्गत आपको आवेदन लिखवाने या टाइप करवाने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। तहसील कार्यालय में ही आपके आवेदन मुफ्त में टाइप कर दिए जाएंगे। चिलचिलाती धूप को देखते हुए हर जनसुनवाई स्थल पर ठंडा पानी, पर्याप्त छाया और आरामदायक बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर ने एसडीएम और तहसीलदारों को सख्त निर्देश हैं कि स्थानीय स्तर की समस्याओं को वहीं के वहीं सुलझाया जाए। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा है कि हमारा उद्देश्य है कि आपको अपने हक के लिए भटकना न पड़े। जब आपकी समस्या का समाधान आपकी अपनी तहसील में ही संभव है, तो धूप और दूरी की परेशानी क्यों उठाना? अपनी स्थानीय शिकायतों के साथ बेझिझक तहसील जनसुनवाई में आएं, हम आपकी सेवा के लिए तत्पर हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि केवल वही मामले जिला मुख्यालय भेजे जाएं जो कानूनी या तकनीकी रूप से तहसील स्तर पर संभव न हों। प्रशासन की प्राथमिकता 'त्वरित न्याय और स्थानीय समाधान' है।

### जनसुनवाई में हुई 237 आवेदनों पर कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 237 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में कलेक्टर प्रतिभा पाल, जिला पंचायत सीईओ , डिप्टी कलेक्टर डेहरिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई।

## आजम खान की अपील खारिजः सपा नेता ने न्यायिक प्रक्रिया पर उठाए सवाल

### चौधरी मुदस्सिर बोलेः फैसला सुरक्षित रखने पर संदेह

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



समाजवादी पार्टी के मध्यप्रदेश प्रदेश महासचिव चौधरी मुदस्सिर ने उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ नेता आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला खान की सजा के खिलाफ दायर अपील रामपुर सेशन कोर्ट द्वारा खारिज किए जाने पर गहरी नाराज़गी व्यक्त की है।

उन्होंने कहा कि अपील खारिज करने में लगभग छह महीने का समय लगना कई सवाल खड़े करता है। मुदस्सिर ने कहा कि यदि अपील खारिज ही करनी थी तो निर्णय पहले भी दिया जा सकता था, जिससे उच्च न्यायालय जाने का रास्ता जल्दी खुलता। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि 6 अप्रैल को सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रखकर 20 अप्रैल को सुनाना क्यों आवश्यक था। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया दोनों नेताओं को अधिक समय तक जेल में रखने की साज़िश प्रतीत होती है। साथ ही उन्होंने न्यायपालिका की निष्पक्षता पर भरोसा जताते हुए कहा कि अदालतें आम नागरिक की अंतिम उम्मीद होती हैं, इसलिए पारदर्शिता और समयबद्ध निर्णय बेहद आवश्यक हैं।

### 26 साल पुरानी परंपरा निभाई, किया जोरदार स्वागत

**विदिशा।** भगवान परशुराम की शोभायात्रा में उपस्थित समस्त सनातनी बंधुओं का बजरिया में दीपक तिवारी मित्र मंडल द्वारा पुष्प वर्षा से तथा शीतल जल से तथा मीठा शरबत पिलाकर स्वागत किया। बजरिया में स्वागत की परंपरा 26 वर्षों से अनवरत रूप से चली आ रही है। यह परंपरा स्व. प्रभुदयाल तिवारी द्वारा प्रारंभ की गई थी। स्वागत समारोह में प्रमुख रूप से पंडित दीपक तिवारी, सुनील सेन, राजीव यादव, अंशुल चौरसिया, रूद्रेश नामदेव, राजेश जाटव, रवि शर्मा, कमलेश मालवीय, अश्विनी श्रीवास्तव,राजकुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग सुधार व जल गंगा संवर्धन पर विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर अनिल डामोर ने की। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा पिछले एक सप्ताह में किए गए निराकरण कार्यों की बिंदुवार जानकारी प्राप्त की और प्रगति की समीक्षा की।

अपर कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में आगामी माह में और अधिक सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को 'ए' ग्रेड सूची में स्थान बनाए रखने के लिए सक्रियता और जवाबदेही के साथ कार्य करने पर जोर दिया। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभागवार सौंपे गए दायित्वों की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया गया। श्री डामोर ने निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल में कहीं भी पेयजल संकट की स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखें और शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। जल संचय हेतु निर्मित की जाने वाली संरचनाओं, प्राचीन जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार तथा नए तालाबों के निर्माण को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही नई संरचनाओं को राजस्व अभिलेखों में अनिवार्य रूप से दर्ज कराने को कहा गया। बैठक में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री वय वंदना योजना, न्यायालयीन प्रकरणों में जवाब दाखिल करने की स्थिति, राशन आवंटन एवं वितरण तथा गेहूं उपार्जन कार्यों की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास तथा आदिम जाति कल्याण विभाग की योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा हुई।

## विदिशा में पहली बार 99.87 पर्सेंटाइल विजेंद्र सिंह अकादमी ने रचा इतिहास

### जेईई मेंस 2026 में 35 से अधिक विद्यार्थियों ने 90+ पर्सेंटाइल हासिल किए



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित जेईई मेंस 2026 के अप्रैल सत्र का परिणाम घोषित होते ही शहर में खुशी की लहर दौड़ गई।

शहर की अग्रणी संस्था विजेंद्र सिंह अकादमी ने इस वर्ष ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अकादमी के 35 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए। सर्वाधिक उपलब्धि देव साहू के नाम रही, जिन्होंने 99.87 पर्सेंटाइल प्राप्त कर विदिशा का अब तक का सर्वोच्च प्रदर्शन दर्ज किया। उन्हें ऑल इंडिया ओबीसी रैंक 383 भी हासिल हुई। अन्य प्रमुख सफल विद्यार्थियों में राज लोधी (99.55), सहज प्रजापति (99.20), सौम्या गुप्ता (98.86), नितिन साहू (98.83), आर्यन तिवारी (98.36), कुशाग्र पाल (98.22), कार्तिक चौकसे (97.96) सहित अनेक छात्र शामिल हैं। संस्था के संचालक एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और नियमित मार्गदर्शन को इस सफलता का श्रेय दिया। अकादमी ने सिद्ध कर दिया कि छोटे शहरों के विद्यार्थी भी सही दिशा में प्रयास कर राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।




## आदर्श सामूहिक साहू सम्मेलनः 8 जोड़ों ने लिए सात फेरे, जन्मों-जन्मों के बंधन में बंधे वर-वधू

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर



अक्षय तृतीया के अवसर पर ग्यारसपुर स्थित साहू धर्मशाला में आयोजित आदर्श सामूहिक साहू सम्मेलन में इस वर्ष आठ जोड़ों ने वैदिक रीति-रिवाज और वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ सात फेरे लेकर वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत की। यह आयोजन पिछले 15 वर्षों से निरंतर समाज में एक मिसाल के रूप में आयोजित किया जा रहा है।

समारोह में क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी एवं मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। पूरे आयोजन में पारंपरिक रीति-रिवाजों का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे विवाह संस्कार गरिमामय और आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन का उद्देश्य समाज के गरीब एवं निम्न वर्ग के युवक-युवतियों का विवाह सरल और सम्मानजनक तरीके से संपन्न कराना है। कार्यक्रम में वर-वधू पक्ष के परिजन, रिश्तेदार एवं सगे-संबंधी बड़ी संख्या में शामिल हुए, जिससे समारोह में उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा। साहू समाज द्वारा आयोजित यह सम्मेलन सामाजिक एकता, सहयोग और सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। यह आयोजन समाज को यह संदेश देता है कि सामूहिक प्रयासों से न केवल आर्थिक बोझ कम किया जा सकता है, बल्कि सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा दिया जा सकता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति के अध्यक्ष मोतीलाल साहू (त्यौदा), बाबूलाल साहू, अभयराम साहू, छोटेलाल साहू, बाला प्रसाद साहू, बलराम साहू, रामरतन साहू एवं अरविंद साहू का विशेष योगदान रहा। साथ ही राहतगढ़, गंजबासौदा, विदिशा एवं पठारी से आए समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी गरिमामय बना दिया।

**खबर संक्षेप**

### गौवंश हत्या के तीन आरोपित पुलिस हिरासत में

**बेगमगंज।** बीना नदी किनारे बीती रात करीब 11 बजे गौवंश की हत्या किए जाने की खबर लगते ही पुलिस अलर्ट मोड पर हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीन आरोपितों को हिरासत में लेकर गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम , पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। शहर के माहौल को खराब करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। एहतियात के तौर पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।घटना की खबर लगते ही कुछ हिंदूवादी संगठनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नगर बंद आंदोलन की चेतावनी दी। लेकिन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुशे , एसडीओपी सोनाली गुप्ता , एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती बरेली , अनिल मोर्य सिलवानी , थानाप्रभारी राजीव उइके सहित अन्य पुलिस अधिकारियों की समझाइश पर उन्होंने नगर बंद आंदोलन करने का मामला रद्द करते हुए पुलिस प्रशासन का सहयोग किया। आरोपियों में नासिर कुरैशी पिता आजाद कुरैशी 19 वर्ष , मो.सलमान पिता अब्दुल लतीफ कुरैशी 27 वर्ष एवं अजीम उर्फ हासिब पिता जाकिर खान 40 वर्ष सभी निवासी मंडी काजी मोहल्ला बेगमगंज शामिल हैं।

### गुम हुआ मोबाइल मिलने से युवक के चेहरे पर आई खुशी

**सलामतपुर।** मंगलवार को थाने में 1 युवक का रास्ते से गुम हुआ मोबाइल वापस मिलने से उसके चेहरे पर खुशी आ गई। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 अप्रैल को भगत सिंह आदिवासी पिता कल्याण सिंह आदिवासी निवासी पिपलिया चांद का लगभग बारह हज़ार रुपए कीमत का वीवो मोबाइल शादी समारोह से लौटते समय रास्ते में कहीं गुम हो गया था। लेकिन काफी तलाश के बाद भी भगत सिंह का मोबाइल नही मिला। सोमवार की रात थाने के आरक्षक रंजीत धाकड़ किसी इवेंट के चलते सतधारा स्तूप क्षेत्र के पास गए थे।

तभी उनको एक मोबाइल की रिंग टोन सुनाई दी। तो उन्होंने देखा कि एक मोबाइल लावारिस हालत में सड़क किनारे पड़ा हुआ था। पुलिस तत्काल मोबाइल उठाकर थाने ले आई। फिर मोबाइल के मालिक का पता किया तो वह किसी भगत सिंह का होना बताया गया। मंगलवार को भगत सिंह आदिवासी थाने पहुंचा तो मोबाइल उसके सुपुर्द कर दिया।

## फर्नीचर घोटाला पकड़ने अब हर स्कूल में गिने जाएंगे कुर्सी-टेबल

# 2023 से 2026 तक स्कूलों में खरीदे गए फर्नीचर का होगा भौतिक सत्यापन, स्वीकृति से अधिक खरीदी पर रहेगी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सरकारी स्कूलों में फर्नीचर खरीदी में हुई गड़बड़ियों पर लगाम कसने के लिए अब जिला प्रशासन सख्त हो गया है। जिले के हर स्कूल में कुर्सी, टेबल और अन्य फर्नीचर की गिनती कराई जाएगी। इसके तहत वर्ष 2023 से 2026 तक उपलब्ध कराए गए फर्नीचर का भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं स्वीकृति से अधिक फर्नीचर की खरीदी तो नहीं की गई।

जिला शिक्षा विभाग ने इस संबंध में निर्देश जारी करते हुए सभी संकुल प्राचार्यों और स्कूल प्रमुखों को तय समय में रिपोर्ट देने को कहा है। अधिकारियों के मुताबिक, कई स्थानों से फर्नीचर खरीदी में अनियमितताओं की शिकायतें मिली थीं। खासतौर पर सिलवानी क्षेत्र में दो करोड़ रुपए से अधिक के फर्नीचर घोटाले का मामला सामने आने के बाद विभाग ने यह कदम उठाया है। स्कूल शिक्षा विभाग में हुए फर्नीचर घोटाले के चलते अब हर हर स्वीकृति स्कूल में मौजूद कुर्सी टेबल सहित अन्य फर्नीचर की भौतिक सत्यापन किए जाने के आदेश शासन स्तर पर हुए हैं इसके लिए स्कूल में संकुल प्राचार्य और शिक्षकों की टीम बढ़ाई जाएगी इसके बाद यह सभी फर्नीचर को सूची बनाएंगे और उसे भोपाल भेजेंगे इसमें जरा भी गड़बड़ी हुई तो सीधे कार्रवाई भी की जाएगी बताया जाता है कि रायसेन जिले के सिलवानी क्षेत्र में करीब 2 करोड रुपए ऐसा फर्नीचर स्कूल में भिजवाया गया जिसकी यहां जरूरत ही नहीं थी बच्चों के बैठने के लिए टाट पट्टी ही नहीं थी और यहां रिवॉल्विंग कुर्सी और टेबल भेजी गई थी। खास बात यह है कि जितनी कुर्सियां टेबल भेजी गई उतने शिक्षक ही नहीं थे। जब फर्नीचर घोटाले का मामला मप्र विधानसभा में गूंजा तो रायसेन जिला शिक्षा विभाग में ऐसा लगा मानो भू -चाल आ गया हो।

### सिलवानी में फर्नीचर घोटाले के बाद बढ़ी सख्ती

कुछ समय पहले सिलवानी में सामने आए फर्नीचर घोटाले ने जिला शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए थे। जांच में सामने आया था कि कागजों में बड़ी मात्रा में फर्नीचर खरीदा गया। जबकि वास्तविकता में उतनी सामग्री स्कूलों में मौजूद नहीं थी। इस मामले में करोड़ों रुपए के गबन की आशंका जताई गई थी। इसी घटना के बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने एमपी के पूरे जिले सहित रायसेन जिले में फर्नीचर की जांच पड़ताल कराने का निर्णय लिया है



**स्कूल-स्कूल जाकर होगी जांच**

हर एक सरकारी स्कूलों की होगी फर्नीचर की जांच। गठित की गई टीमें स्कूलों का दौरा करेंगी और मौके पर मौजूद फर्नीचर का मिलान रिकॉर्ड से करेंगी। हर कुर्सी, टेबल, बेंच, आलमारी सहित अन्य सामग्री की संख्या दर्ज की जाएगी। इसके साथ ही खरीदी के बिल, स्टॉक रजिस्टर और स्वीकृति आदेशों का भी मिलान किया जाएगा। यदि किसी स्कूल में स्वीकृत संख्या से अधिक फर्नीचर पाया जाता है या रिकॉर्ड में गड़बड़ी मिलती है, तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई तय मानी जा रही है।

### डिजिटल रिकॉर्ड भी होंगे अपडेट

जिला शिक्षा विभाग अब फर्नीचर का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने की दिशा में भी काम कर रहा है। प्रत्येक स्कूल को अपने यहां उपलब्ध फर्नीचर का डेटा ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करना होगा। इससे भविष्य में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को आसानी से पकड़ा जा सकेगा।

फर्नीचर खरीदी का मुख्य उद्देश्य छात्रों को बेहतर बैठने और पढ़ाई की सुविधा देना है। लेकिन अनियमितताओं के चलते यह उद्देश्य प्रभावित हो रहा था। अब जिला शिक्षा विभाग की कोशिश है कि हर स्कूल में उपलब्ध संसाधनों का सही उपयोग हो और छात्रों को मूलभूत सुविधाएं मिल सकें। इस सख्ती के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि स्कूलों में फर्नीचर खरीदी में पारदर्शिता आएगी और भविष्य में इस तरह के घोटालों पर रोक लग सकेगी।

### लगभग तेरह स्कूल हुए प्रभावित

इस घोटाले में एक स्कूल नहीं बल्कि रायसेन जिले की सिलवानी तहसील के 13 स्कूल प्रभावित हुए हैं । इन 13 स्कूलों में 11.5 -11.5 लाख रुपए का फर्नीचर भिजवाया गया । विडंबना देखीए कि कई स्कूलों में बच्चों के बैठने की जगह तक नहीं वहां लाखों रुपयों का फर्नीचर बिना बुलाए मेहमानों की तरह पसरे हुए हैं। सिलवानी विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूलों में 30-35 रिवॉल्विंग कुर्सियों और बड़ी कॉन्फ्रेंस टेबल भेजी गई थी। जानकारी के अनुसार मुआर, खैरी, कीरतपुर, सीयलवाडा, करतौली, चीकली, देवरी हथनापुर, खमरिया खुर्द, चंदन पिपरिया, नारायण पुर, प्रतापगढ़, और सांईखेड़ा हायर सेकेंडरी स्कूल सहित कई स्कूल शामिल हैं।

**एमपी के रायसेन में अजब गजब फर्नीचर घोटाला**

जिले में हायर सेकेंडरी स्कूलों में अजब गजब फर्नीचर घोटाले का मामला सामने आया है। इन सरकारी स्कूल में बिना आर्डर 2 करोड रुपए का सामान पहुंचा दिया गया । अब बिल भुगतान के लिए स्कूल के प्राचार्य ने शिकायत की तो बवाल मच गया। स्कूलों में बच्चों के बैठने की जगह तक नहीं थी वहां फर्नीचर भेजा गया था। हैरानी की बात यह है कि कई हायर सेकेंडरी स्कूलों में इन फर्नीचर की ज़रूरत तक नहीं थी। इसके बावजूद कॉन्फ्रेंस टेबल घूमने वाली कुर्सियां भिजवाई गई हैं। वहीं स्कूलों के प्रिंसिपलों का कहना है कि क्लर्क के द्वारा तैयार किए गए ऑर्डर के लिए तो उसने बड़े अधिकारियों से परमिशन लेना तक मुनासिब नहीं से समझा। हमने सरकारी नियमों का पालन किया था। हमने जब विरोध किया तो ऊपर का आदेश देकर हम पर यह दबाव बनाया गया है।

**इनका कहना है**

इस बार सत्यापन में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रिपोर्ट में गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित प्राचार्य, संकुल प्राचार्य और जिम्मेदार कर्मचारियों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

**डीईओ डीडी रजक**-जिला शिक्षा विभाग

# कलेक्टर ने खुद भरा स्व-गणना फॉर्म

## नागरिकों से डिजिटल सुविधा अपनाने की अपील


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जनगणना-2027 को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं और जिला प्रशासन लोगों को अधिक से अधिक जोड़ने के लिए सक्रिय नजर आ रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने खुद मोबाइल पर स्व-गणना फॉर्म भरकर नागरिकों को डिजिटल प्रक्रिया अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया बेहद सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक है, जिसे हर नागरिक आसानी से घर बैठे पूरा कर सकता है।

कलेक्टर विश्वकर्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा शुरू की गई यह डिजिटल सुविधा नागरिकों को जनगणना में भागीदारी का आसान माध्यम प्रदान करती है। अब लोगों को किसी के इंतजार की जरूरत नहीं है। वे स्वयं भी पोर्टल पर लॉगिन कर कुछ सामान्य प्रश्नों के उत्तर देकर अपने परिवार की पूरी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करें और जनगणना कार्य को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि स्व-गणना से न केवल समय की बचत होगी। बल्कि डेटा संग्रहण भी अधिक सटीक और प्रभावी बनेगा।

### एसडीएम ने किया निरीक्षण

स्व-जनगणना को सफल बनाने के उद्देश्य से आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंगलवार को



एसडीएम मनीष शर्मा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे कर्मचारियों से संवाद कर उन्हें प्रक्रिया की बारीकियों को गंभीरता से समझने और पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

# आज नगर में धूमधाम से निकलेगी भगवान परशुराम की गाजेबाजों के साथ शोभायात्रा

◆ तैयारियां पूर्ण,श्री राम लीला मैदान में होगी धर्मसभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

सर्व ब्राम्हण सनातन धर्म सेवा समिति के तत्वावधान में आज बुधवार को भगवान परशुराम के प्रगटोत्सव पर शोभायात्रा निकाले जाने के साथ श्रीराम लीला मैदान में धर्मसभा का आयोजन होगा। जिसकी समिति एवं ब्राम्हण समाज द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है। शोभायात्रा मार्ग को बैनर, झण्डों, फ्लेक्स लगा कर सजाया गया है।



श्री राम लीला मैदान में नर्मदा क्षेत्र के प्रकांड विद्ववान महामण्डेलश्वर पूं. विष्णु दत्त जी ब्रम्हचारी की अध्यक्षता, साधू-सन्तों एवं क्षेत्र के विधायक राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, फिल्म धुरंधर फेम पं. संजय मेहरा की विशेष उपस्थिति रहेगी।

### धूमधाम से निकलेगी शोभायात्रा

समिति के अध्यक्ष पं. प्रदीप द्विवेदी एवं अवनीश पालीवाल ने बताया कि आज बुधवार की दोपहर में श्रीराम लीला मैदान में भगवान महर्षि परशुराम की भव्य विशाल शोभायात्रा प्रारंभ होगी। शोभायात्रा में जबलपुर का प्रसिद्ध बैंड, झांकियां भी सम्मिलित रहेगी।

उन्होंने बताया कि शोभायात्रा और धर्मसभा में नगर के साथ सम्पूर्ण ग्रामीण क्षेत्र से भारी संख्या में ब्राम्हणों की उपस्थिति रहेगी। नगर भ्रमण के बाद शोभायात्रा का राम लीला मैदान में समापन के बाद धर्मसभा का आयोजन होगा। नगर में इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर व्यापक तैयारियां की गई है। इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर ब्राम्हण समाज द्वारा तैयारियां व्यापक स्तर पर की गईं हैं।

### धर्मसभा होगी आयोजित

नगर के रामलीला मैदान में एक धर्मसभा का भी आयोजन किया गया है। इस धर्मसभा में विद्वानों द्वारा अपने विचार व्यक्त किए जाएंगे वहीं सनातन धर्म से प्रचार के लिए अपील की जाएगी। ताकि सही मार्ग से भारी संख्या में लोग जुड़ सके।

# धूमधाम से मनेगी केवट जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

केवट जयंती को लेकर रैकवार समाज की जरूरी बैठक हुई ।जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा के साथ समाज की नवीन कार्यकारणी का पुर्नगठन हुआ।

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भगवान श्रीराम के परम भक्त केवट महाराज की जयंती 15 मई को होने से धूमधाम से मनाए जाने को लेकर व्यापक तैयारियां शुरू हो गई है।

आज कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर बैठक में विचार विमर्श के उपरांत कार्यक्रम की सफलता को लेकर नवीन कार्यकारिणी गठित की गई। बैठक समाज बड़कुल ब्रजमोहन पप्पू रैकवार की अध्यक्षता में नगर के दशहरा मैदान स्थित श्रीहनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित हुई।

# अक्षय तृतीया सोमवार को शुभ मुहुत में हुई श्री शिव परिवार की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर की महेशपुरम कालौनी के नव निर्मित शिव मंदिर में सात दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा एवं श्री शिव महापुराण कथा का धार्मिक आयोजन चल रहा है। सोमवार को अक्षय तृतीया के शुभ विशेष मुहुत में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की गई। सात जोड़े मुख्य यजमान बने वहीं विद्ववान पंडितों द्वारा हवन कराया गया।

पूं. ब्रम्हचारी जी ने चल रही श्री शिव महापुराण कथा के दौरान वैशाख माह में जप, तप, भगवान



शंकर की भक्ति आराधना का विशेष महत्व बताया कहा कि अक्षय तृतीया के विशेष मुहुत पर्व पर शिव दरबार की स्थापना का विशेष मुख्य लाभ होगा। कहा कि भगवान शंकर को एक विल पत्र अर्पित करने से कई गुना पुण्य लाभ मिलता है। कहा कि वैशाख में जप, तप, साधना, अराधना से भगवान शंकर शीघ्र प्रसन्न होते है। पूं. ब्रम्हचारी जी ने शिव चरित्र का विस्तार से वर्णन भी किया यज्ञ कथा, आरती में श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति से माहौल शिव भक्ति मय बना हुआ है। छींद धाम मंदिर समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार रघुवंशी द्वारा तेज गर्मी से बचाव के लिए कथा मंडप में कूलर पखों की विशेष व्यवस्था की गई है।

# सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

20 अप्रैल से नगर परिषद के साफ-सफाई कर्मचारियों द्वारा अपनी 5 सूत्री मांगों के लिए साफ-सफाई कार्य बंद कर हड़ताल शुरु की गई। दूसरे दिन मंगलवार को भी नगर की साफ-सफाई न होने से नगर की मुख्य सडक़ों, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैला और ढेर लग रहे है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार न.प. के साफ-सफाई कर्मचारियों का ऐरियर्स, एनपीएस, ईपीएफ इत्यादि की लगभग 2 करोड़ की राशि निकल रही है। इतनी बड़ी राशि एक साथ भुगतान खातों में जमा न किए जाने की वित्तीय स्थिति हड़ताल समाप्त होने में मुख्य बाधा बनी नजर आ रही है। नगर में 15 वार्ड है।

## मुख्यमंत्री स्वच्छता संकल्प महा अभियान में सफाई पर जोर

# घर-घर जाकर वाहन रैली से स्वच्छता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा इन दिनों वार्डों में लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद ने "मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता संकल्प महा अभियान" के तहत विशेष पहल शुरू की है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 15 यशवंत नगर में वाहन रैली निकालकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

इस अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष सविता जमना सेन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री सुरेखा जाटव, प्रभारी सीएमओ सुश्री किरण राहंगडाले, नोडल अधिकारी चंद्रकेश गढ़पाल, स्वच्छता निरीक्षक शशिकांत



मोहड़ सहित एवीएस कंसल्टेंसी टीम के सदस्य सक्रिय रूप से शामिल रहे। रैली के दौरान टीम ने वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर घर-घर दस्तक दी और लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया।

अभियान के दौरान विशेष रूप से महिलाओं और नागरिकों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखने की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने समझाया कि यदि हर घर स्तर पर कचरे का सही तरीके से पृथक्करण किया जाए तो शहर को साफ-सुथरा बनाए रखना आसान हो सकता है। साथ ही नागरिकों से अपील की गई कि वे घर का कचरा इधर-उधर फेंकने के बजाय नगर पालिका परिषद की कचरा वाहन गाड़ी में ही डालें।

रैली के माध्यम से यह संदेश भी दिया गया कि सड़कों, नालियों और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकना न केवल गंदगी फैलाता है। बल्कि बीमारियों को भी जन्म देता है। इसलिए सभी नागरिक डस्टबिन का उपयोग करें और शहर को स्वच्छ बनाने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। जिसमें विभिन्न वार्डों में वाहन रैली, जनसंपर्क और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आने वाले दिनों में भी इस तरह की गतिविधियों को और तेज किया जाएगा ,ताकि रायसेन शहर स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर स्थान हासिल कर सके।

अभियान के अंत में नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए यह कहा गया कि स्वच्छ शहर बनाना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं। बल्कि स्वच्छ शहर बना हर एक नागरिक का कर्तव्य है। यदि सभी नागरिक मिलकर प्रयास करें तो रायसेन शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ शहर आराम से बनाया जा सकता है।

# कम वेतन और सुविधाओं को लेकर मजदूरों में नाराजगी, 17 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में मजदूरों के कम वेतन और मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार दोपहर भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में श्रमिकों ने एकत्र होकर नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। संगठन के पदाधिकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला डिप्टी कलेक्टर अल्का सिंह को सौंपा और जल्द समाधान की मांग की।

मजदूर संघ के प्रतिनिधियों का कहना है कि जिले में श्रमिकों के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। कई जगहों पर तय मानकों के अनुरूप वेतन नहीं दिया जा रहा है। जिससे मजदूरों के सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। कमर तोड़ महंगाई के इस दौर में कम वेतन पर परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है।जिससे श्रमिक वर्ग में



आक्रोश पनप रहा है।

संगठन के नेताओं ने आरोप लगाया कि श्रम कानूनों का सही तरीके से पालन नहीं किया जा रहा है। ठेका प्रथा के तहत काम कर रहे मजदूरों को न तो निर्धारित न्यूनतम मजदूरी मिल रही है और न ही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का कोई फायदा मिल पा रहा है। ईपीएफ, ईएसआई जैसी सुविधाएं भी कई जगहों पर केवल कागजों तक सीमित हैं। जिससे मजदूरों को बीमारी या दुर्घटना की स्थिति में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में न्यूनतम वेतन में बढ़ोतरी, ठेका प्रथा पर नियंत्रण, नियमित कर्मचारियों की तरह सुविधाएं देने, श्रम कानूनों का सख्ती से पालन कराने, असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का पंजीयन सुनिश्चित करने और समय पर भुगतान जैसी मांगें शामिल हैं। इसके अलावा मजदूरों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं, आवास और बच्चों की शिक्षा से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं ।